YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स
नोएडा › गुरुवार, 15 मार्च 2018 › फाल्गुन 24 शक 1939 चैत्र कृष्ण त्रयोदशी विक्रम 2074 | नोएडा | पेज 22 › मूल्य 3.00 या 7.00 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित | www.nbt.in

दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट दौड़ेगी एक्सप्रेस मेट्रो

■ विशेष संवाददाता, यमुना सिटी

दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से जेवर एयरपोर्ट के लिए एक्सप्रेस मेट्रो चलेगी। इस रूट पर 2-3 स्टॉपिज ही होंगे। ग्रेटर नोएडा के परी चौक से भी जेवर एयरपोर्ट के लिए नॉन स्टॉप मेट्रो चलाने की योजना है। दोनों रूट जीरो पॉइंट पर मिलेंगे। इसके लिए यमुना अथॉरिटी फिजिबिलिटी रिपोर्ट व डिटेल प्रॉजेक्ट रिपोर्ट तैयार करा रही है। वहीं, यमुना सिटी के लोकल यात्रियों के लिए ट्राम व ट्रांसपोर्ट के अन्य विकल्पों का अध्ययन किया जा रहा है।

यमुना सिटी के लोगों के लिए ट्राम व अन्य विकल्पों की हो रही स्टडी

जेवर एयरपोर्ट को बेहतर कनेक्टिविटी देने का प्रयास

बता दें कि जेवर में एयरपोर्ट बनने का रास्ता साफ हो चुका है। इस एयरपोर्ट की एनसीआर के अन्य शहरों से कनेक्टिविटी के लिए भी काम शुरू कर दिया गया है। इसी के तहत यमुना अथॉरिटी मेट्रो संचालन की भी तैयारी कर रही है। अथॉरिटी के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट के यात्रियों को आवागमन में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेट्रो चलाने की योजना है। इसके लिए डीएमआरसी को डीपीआर और फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने का प्रस्ताव दिया जा चुका है। इस पर काम चल रहा है।

यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बनेगा रूट

उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट जाने वाले लोगों को कम समय में पहुंचाने के लिए यह योजना बनाई जा रही है। इससे लोगों को समय बचेगा। लिहाजा परी चौक से यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे होते हुए एक्सप्रेस मेट्रो चलाने की योजना है। फिलहाल इसमें बीच में स्टॉपेज न रखने का रखने का प्लान है। यह करीब 38 किमी लंबा ट्रैक होगा।

यहां प्रस्तावित है जेवर एयरपोर्ट

दिल्ली रूट जीरो पॉइंट पर कनेक्ट होगा

दिल्ली एयरपोर्ट से भी जेवर तक नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के पैरलल होते हुए नॉन स्टॉप मेट्रो लाइन लाने की योजना है। इसमें दिल्ली और नोएडा में ही 2 या 3 स्टॉपिज होंगे। इससे दिल्ली से आने वाले यात्री भी कम समय में सीधे जेवर एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे। इस रूट पर मेट्रो नोएडा होते हुए जीरो पॉइंट पर परी चौक मेट्रो रूट से कनेक्ट होगी।

स्थानीय लोगों के लिए भी सुविधा

सीईओ ने बताया कि लोकल यात्रियों को जेवर एयरपोर्ट पहुंचाने के लिए ट्राम व ट्रांसपोर्ट के अन्य विकल्प तैयार करने की योजना है। इसका फायदा यह रहेगा कि सीधे एयरपोर्ट जाने वाले लोगों को परेशानी और देर नहीं होगी। फिलहाल इसको लेकर स्टडी की जा रही है। भविष्य में इसमें बदलाव भी हो सकते हैं।